## महत्वपूर्ण एवं खास

### जवाहर उत्कर्ष चयन परीक्षा का आयोजन 10 मार्च को

कांकेर (आरएनएस)। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत लाभान्वित होने वाले मेधावी छात्रों के चयन परीक्षा का आयोजन 10 मार्च दिन रविवार को 12 बजे से 2 बजे तक शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया जाएगा। प्रवेश हेतु कक्षा 6वीं के लिए 6 सीट तथा कक्षा 9वीं के लिए 50 सीटों (राज्य स्तर पर) लिखित परीक्षा होगी। जवाहर उत्कर्ष योजना अंतर्गत चयन परीक्षा का परिणाम की घोषणा 20 मार्च को होगी, जिसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा दावा आपत्ति 5 अप्रैल तक प्रस्तुत कर सकेगें। परीक्षा हेतु रोल नम्बर कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कांकेर तथा अपने विकासखण्ड अंतर्गत खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों से रोल नम्बर की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। परीक्षा में शामिल होने वाले अनुसूचित जाति एवं जनजाति के परीक्षार्थी निर्धारित समय के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय आयुक्त आदिवासी विकास कांकेर एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों से प्राप्त कर सकते हैं।

### सेल्समेन से 60 हजार रूपए की लूट

**एक्टिवार सवार चार युवकों ने दिया घटना को अंजाम**

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के केनाल रोड पर गुरूवार रात बाईक से जा रहे एक सेल्समेन को चार युवकों ने रोककर उससे 60 हजार रूपए लूट लिये तथा उसकी मोटरसायकल की चाबी छिनकर भाग गए। उक्त घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है जिसके अनुसार सिविल लाईन थाना पुलिस मामलें की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि चारो युवक दो एक्टिवा में सवार थे तथा सेल्समेन को केनाल रोड के सुनसान इलाके में रोक कर उसके साथ लूटपाट की और भाग खड़े हुए।

### सुनील अग्रहरि होंगे दुर्ग निगम के आयुक्त

दुर्ग (आरएनएस)। राज्य शासन ने स्थानीय निकायों में आयुक्तों में फेरबदल करते हुए दुर्ग नगर निगम की जिम्मेदारी कवर्धा में पदस्थ रहे प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील अग्रहरि को सौंपी है। यहां दुर्ग में पदस्थ आयुक्त लोकेश्वर साहू अपर आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर भेजे गए है। इनके अलावा 5 अन्य अधिकारियों का भी स्थानांतरण किया गया है। दुर्ग में नवपदस्थ आयुक्त श्री अग्रहरि बेहद मिलनसार और कर्त्तव्य परायण के रुप में पहचाने जाते है।

### अब पंद्रह दिन नहीं जाएगी जगदलपुर-दुर्ग ट्रेन

जगदलपुर (आरएनएस)। 15 फरवरी तक स्थगित की गई दुर्ग-जगदलपुर एक्सप्रेस का स्थगन 29 मार्च तक के लिए फिर बढ़ा दिया गया है। इसके पीछे का कारण स्टेशनों में चल रहे काम को बताया जा रहा है।

### ई-रिक्शा में बैठी महिला के पर्स से सोने की बाली व ब्रेसलेट पार

रायपुर (आरएनएस)। ई-रिक्शासे जाते समय महिला की पर्स में रखे सोने की बाली व ब्रेसलेट चोरी किये जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार प्रिंस कालोनी टैगारेनगर कोतवाली निवासी मिनाक्षी मण्डावी 50 वर्ष पति रतन सिंह मण्डावी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि गुरुवार को मालवीय रोड चिकनी मंदिर से पचपेड़ीनाका ई-रिक्शासे जाते समय किसी ने लेडिस बैग में रखे सोने की बाली व ब्रेसलेट की चोरी कर लिया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### जशपुर को मिला स्वच्छता के लिए देश में प्रथम पुरस्कार

**जशपुरनगर पालिका परिषद को मिला 10 लाख का इनाम**

जशपुर (आरएनएस)। छग राज्य के नगर पालिक परिषद जशपुरनगर को स्वच्छता में देशभर में प्रथम पुरस्कार मिला है। शुक्रवार को नईदिल्ली के विज्ञान भवन में हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में यह पुरस्कार नगर पालिक परिषद जशपुरनगर के सीएमओ जितेंद्र कुशवाहा को हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर मंत्रालय के जॉइन्ट सेक्रेटरी संजय कुमार द्वारा प्रशस्ति पत्र व 10 लाख का चेक देकर पुरस्कृत किया गया।

### जहरीली शराब कांड में दारोगा निलंबित

रुडकी (आरएनएस)। जहरीली शराबकांड में एक और दारोगा को निलंबित कर दिया गया। एसओ, चौकी इंचार्ज सहित चार पुलिस कर्मी पहले ही निलंबित हो चुके हैं। एसएसपी ने निलंबन के आदेश जारी कर दिए हैं।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह का छत्तीसगढ़ दौरा स्थगित

**पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले के कारण टला दौरा**

रायपुर (आरएनएस)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह का छत्तीसगढ़ दौरा टल गया है। वो आज 15 फरवरी को एक दिन के प्रवास पर रायपुर आ रहे थे, लेकिन पुलवामा आतंकी हमले की वजह से अमित शाह का दौरा टल गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने इसकी पुष्टि की है। लोकसभा चुनाव को लेकर शाह का ये दौरा हो रहा है। शाह इस दौरान शक्ति केंद्र के कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करने वाले थे। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने बताया कि वे रायपुर समेत दुर्ग, राजनांदगांव, महासमुंद के शक्ति केंद्रों और उसके उपर के कार्यकर्ताओं को संबोधित करने वाले थे, लेकिन पुलवामा आतंकी हमले की वजह से पूरा देश शोक में है, इसलिए अमित शाह का ये दौरा स्थगित किया गया है।

### अलग-अलग दुर्घटना में दो शिक्षकों की मौत


जगदलपुर (आरएनएस)। नेशनल हाईवे-43 पर हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो शिक्षकों की मौत हो गई है। एक की मौत मौके पर ही जबकि दूसरे शिक्षक की मौत अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में हुई।

# फेक न्यूज से राज्य के साथ देश और दुनिया प्रभावित, पीड़ित और चिंतित - भूपेश बघेल

## वर्तमान परिदृश्य में फेक न्यूज की चुनौतियां' विषय पर संगोष्ठी

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि वर्तमान समय में फेक न्यूज से केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं है, बल्कि पूरा देश और पूरी दुनिया भी प्रभावित, पीड़ित और चिंतित है। पहले के समय में केवल होली के दिनों में होली खबरे छपती थी, जो गलतफहमियां और भ्रम पैदा करती थी, लेकिन आज फेक न्यूज एक उद्योग बन गया है। यह जेब काटने, हिंसा फैलाने और चुनाव जीतने का माध्यम बन चुका है, लेकिन अब लोग भी समझने लगे हैं कि किस न्यूज को कहां तक सही माना जाए।

मुख्यमंत्री ने अपने ये उद्गार आज यहां कुशाभाऊ ठाकरे



पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के द्वारा ''वर्तमान परिदृश्य में फेक न्यूज की चुनौतियां'' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में व्यक्त किए। उन्होंने बताया वे स्वयं भी कई बार ऐसे भ्रामक खबरों में से उन्हीं समाचारों को सही मानते हैं, जब दूसरे दिन उसे समाचार पत्रों में पढ़ लेते हैं। उन्होंने कहा कि खेद की बात है कि आज हमारे पढ़े-लिखे नौजवान फेक न्यूज से सर्वाधिक प्रभावित और पीड़ित है। इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि आज के युवा समाचार पत्र नहीं पढ़ते और सोशल मीडिया की खबरों को सही मान लेते हैं। मुख्यमंत्री ने फेक न्यूज के विरूद्ध लड़ाई लड़ रहे बीबीसी तथा अन्य प्रतिष्ठित मीडिया समूहों की तारीफ की और इस जनजागरण के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा नागरिकों और युवाओं से कहा कि विषय की गहराई तक जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भ्रामक विज्ञापनों का ही असर था, जिसके कारण छत्तीसगढ़ में चिटफण्ड कम्पनियां ने राज्य का नागरिकों की बेशकीमती दस हजार करोड़ रूपए की राशि लूट कर ले गए। उनके विज्ञापनों का प्रचार-प्रसार होता रहा और उनके आयोजनों में राजनीतिक लोगों की उपस्थिति भी मददगार बनीं। उन्होंने कहा इस बात पर राजनीति अधिक हुई, लेकिन किसी ने उनकी चिन्ता नहीं की कि इनमें से किसी की बेटी के शादी के लिए पैसे थे, बच्चों के पढ़ाई के लिए पैसे थे, बुढ़ापा काटने के लिए पेंशन का पैसा था या उसने अपनी जमीन बेचकर पैसा इकट्ठा किया था।

# हार से बौखलाए भाजपाईयों ने महापौर को नहीं पेश करने दिया बजट

**एजेंडे पर हुई चर्चा के बाद चौपाटी की छह दुकानों को लेकर नियमानुसार होगा पुर्नविचार**

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर हाईस्कूल में हुए बच्चों के सांस्कृतिक आयोजन में भगवा को लेकर मंत्री कवासी लखमा की टिप्पणी के बाद से मामला गरमाया हुआ था। इस बीच निगम की सामान्य सभा में पार्षदों की बहुमत के बीच भाजपाई पार्षद भगवा गमछा धारण कर पहुंचे। विधानसभा में भाजपा को मिली करारी हार के बाद भाजपाई अब नगर सरकार में अपने को दमखम के साथ पेश कर रहे थे। वे सदन में भगवाकरण की मंशा से पहुंचे थे। नेता प्रतिपक्ष संजय पाण्डेय ने तो अपना वस्त्र ही भगवा और लाल रंग का धारण किया था। सामान्य सभा में दिन भर पहले के रिव्यू, प्रश्नकाल और एजेंडे में चर्चे के बाद जब महापौर जतीन जायसवाल ने अपना बजट प्रतिवेदन पढना चाहा तो भाजपाइयों की हार की खीज खुलकर सामने आ गई। उन्होंने बजट में होने वाले प्रावधानों और इससे आम जनता व निगम पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव की बात को लेकर महापौर को घेरना चाहा। महापौर ने जब देखा की निगम की कार्रवाई के दौरान भाजपाई कांग्रेस की सरकार और उनके मुखिया भूपेश बघेल पर हमला बोल रहे हैं तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि बजट जिस तरह से बनना चाहिए वैसा ही है। इसमें किसी तरह का फेरबदल करने की संभावना इसलिए नहीं है क्योंकि अब तक किसी तरह के कर के रियायत का आदेश राज्य सरकार से नहीं आया है।

## जेके ज्वेलर्स व ठेकेदार के यहां आयकर की दबिश

**खंगाले जा रहे हैं दस्तावेज**

कोरबा (आरएनएस)। शहर में गुरूवार को आयकर विभाग की टीम के द्वारा दो अलग-अलग स्थानों पर छापा मार कार्यवाही की चर्चा सरगर्म रही। पावर हाउस रोड में संचालित जेके ज्वेलर्स में आयकर विभाग के अधिकारियों ने दबिश दी वहीं निहारिका क्षेत्र में एक ठेकेदार के यहां भी आयकर विभाग की जांच हो रही है। जेके ज्वेलर्स दुकान को बंद कर आवश्यक दस्तावेजों की छानबीन की जा रही है। आयकर के इस छापे की खबर से सराफा कारोबारियों व ठेकेदारों में चर्चा सरगर्म है। फिलहाल इसे आयकर विभाग का सर्वे बताया जा रहा है लेकिन पूरी जांच के बाद ही वास्तविकता सामने आ सकेगी।

खबरों के मुताबिक आयकर विभाग को इस आशय की सूचना मिली है कि जेके ज्वेलर्स द्वारा टैक्स की चोरी की जा रही है। इस सूचना के बाद आयकर विभाग के 7 अधिकारियों की टीम ने पावर हाउस रोड स्थित जेके ज्वेलर्स में गुरूवार दोपहर करीब 1:30 बजे दबिश दी। अपर आयकर आयुक्त, वित्त मंत्रालय आयकर विभाग रेंज बिलासपुर एन.जैन के नेतृत्व में अधिकारियों के द्वारा प्रतिष्ठान और कारोबार से जुड़े तमाम दस्तावेजों की छानबीन की जा रही है। इस पूरी कार्यवाही के दौरान जेके ज्वेलर्स का शटर बंद कर जांच समाचार लिखे जाने तक जारी रही।

## अनियमित कर्मचारियों के लिए जन घोषणा पत्र में किए गए वायदे पूरे किए जाएंगे : भूपेश बघेल

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि राज्य सरकार ने जन घोषणा पत्र में अनियमित कर्मचारियों के लिए जो वायदे किए हैं, उन्हें अवश्य पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री आज यहां गांधी मैदान में अनियमित कर्मचारी महासभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सरकार आपकी सरकार है। अनियमित कर्मचारी भी किसान परिवारों से जुड़े हैं और छत्तीसगढ़ के बेटा-बेटियां हैं। कर्मचारियों की मांग पूरा करने के लिए रास्ता निकाला जाएगा। उनकी मांगों पर संवेदनशीलता और सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। इस साल किसानों के लिए किया है। अगले वर्ष कर्मचारियों के लिए करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वायदे के अनुसार राज्य सरकार ने इस वर्ष किसानों के लगभग दस हजार करोड़ रूपए के कृषि ऋण माफ किए हैं और किसानों को देश में सर्वाधिक धान का प्रति क्विंटल 2500 रूपए का मूल्य दिया जा रहा हैं। अगले वर्ष कृषि ऋण माफी की दस हजार करोड़ रूपए की राशि बचेगी। इस राशि से कर्मचारियों के हित में निर्णय लिये जाएंगे। छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राज्य सभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा, नगर निगम रायपुर के महापौर श्री प्रमोद दुबे और पूर्व महापौर किरणमयी नायक विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थीं।

## सायकल वितरण का मुद्दा सदन में उठा

**स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा-घटिया स्तर के सायकलों का परीक्षण व ठीक करा कर जल्द बच्चियों को वितरित करेंगे**

**मंत्री के जवाब से असंतुष्ट भाजपा सदस्यों ने सदन से किया बहिर्गमन**

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में शुक्रवार को प्रदेश की स्कूल बच्चियों को सायकल वितरण नहीं कराऐ जाने का मुद्दा उठा। इस मुद्दे पर स्कूल शिक्षा मंत्री डा. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कहा कि स्कूलों में सायकल वितरण का काम जारी है और चूंकि घटिया स्तर की सायकलें पूर्ववर्ती सरकार के समय में खरीदी गई थी इसलिए उन सायकलों का परीक्षण कराने के बाद उन्हें ठीक करके जल्द ही बच्चियों को सायकलें वितरित की जाएंगी।

मंत्री ने यह भी कहा कि घटिया स्तर की सायकलों की सप्लाई करने के मामले में वे जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई भी करेंगे।

## नक्सलियों ने पुल निर्माण में लगे 3 वाहन जलाए

**मौके पर पुलिस व नक्सलियों मध्य हुयी मुठभेड़**

सुकमा (आरएनएस)। सुकमा जिला मुख्यालय से 45 किमी दूर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर नक्सलियों ने कल रात पुल निर्माण में संलग्न 3 वाहनों को आग के हवाले कर दिया। साथ ही आने-जाने वाले वाहनों को रोककर उसमें माओवाद जिंदाबाद के नारे लिखकर बैनर लगाए। इस दौरान पुलिस व नक्सलियों के मध्य फायरिंग भी हुयी, जिसमें कुछ नक्सलियों के घायल होने की खबर मिली है। गौरतलब है कि इसी इलाके में नक्सलियों ने विगत 5 मार्च को 3 यात्री बसों को जलाकर खाक कर दिया था। पुलिस के मुताबिक पेदाकुरती गांव के निकट पुल निर्माण का काम चल रहा है। कल रात यहां 25-30 वर्दीधारी हथियारबंद नक्सलियों ने धावा बोल दिया। नक्सलियों ने कार्यस्थल पर मौजूद श्रमिकों एवं अन्य कर्मचारियों का मोबाईल लूट लिया।

## शहीद जवानों के सम्मान में विधानसभा की कार्यवाही 18 तक स्थगित

**2 मिनट का मौन धारण का श्रध्दांजलि दी गई**

रायपुर (आरएनएस)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, मंत्री मो. अकबर, रविन्द्र चौबे, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, सदस्य मोहन मरकाम, डॉ. रमन सिंह, धर्मजीत सिंह, केशव चन्द्रा ने जम्मूकश्मीर के पुलवामा सेक्टर में हुये आतंकी हमले में सीआरपीएफ के 44 जवानों के शहीद होने पर 2 मिनट का मौनधारण कर मार्मिक श्रध्दांजलि अर्पित की। विधानसभा की कार्यवाही 18 फरवरी सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

## बोले चूड़ियां में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ दिखेंगी श्रद्धा कपूर?



बॉलिवुड में इस समय के सबसे बेहतरीन ऐक्टर्स में से एक माने जाने वाले नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने अपनी फिल्मों और ऐक्टिंग के बलबूत लाखों लोगों के दिलों में अपनी जगह बना ली है। वैसे तो नवाज की ऐक्टिंग की तारीफ लगभग हर फिल्म में की जाती है लेकिन गैंग्स ऑफ वासेपुर, मांझीः द माउंटेन मैन, रमन राघव 2.0 और हाल में रिलीज हुई ठाकरे कुछ ऐसी फिल्में हैं जो उनके करियर में माइलस्टोन मानी जाती हैं।

अब नवाज अगली फिल्म बोले चूड़ियां में नजर आएंगे जिसे पहली बार उनके भाई शम्स नवाब सिद्दीकी डायरेक्ट करने जा रहे हैं। खबरों की माने तो शम्स इस समय अपनी फिल्म के लिए फीमेल लीड रोल के लिए हिरोइन की तलाश कर रहे हैं।

## अब मार्च नहीं अप्रैल में पूरा होगा सीवर प्रोजेक्ट

रुड़की (आरएनएस)। सीवर प्रोजेक्ट का कार्य अब मार्च में भी पूरा नहीं हो सकेगा। क्योंकि मार्च के अंत तक सीवर लाइन डालने और मेनहोल बनाने का काम तो पूरा हो जाएगा। लेकिन इलेक्ट्रिकल काम अप्रैल तक ही समाप्त हो सकेगा। ऐसे में एशियन डेवलपमेट बैंक (एडीबी) का दावा एक बार फिर से हवा-हवाई ही साबित होगा। एडीबी की ओर से शहर में किए जा रहे सीवर प्रोजेक्ट को पूरा करने की अवधि बार-बार आगे खिसक रही है।



पिछले दिनों एडीबी के अधिकारी 31 मार्च तक काम पूरा करने का दावा कर रहे थे। लेकिन एक बार फिर कार्यदायी संस्था का यह दावा खोखला साबित हुआ है। अभी आवास विकास और माहीग्रान में करीब 140 मीटर में सीवर लाइन डालनी बाकी है। जबकि 11 मेनहोल बनाए जाने का काम भी शेष है। हालांकि सीवर लाइन डालने एवं मेनहोल बनाने का काम तो 31 मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा। लेकिन इसके बाद माहीग्रान में बनाए जा रहे सीवरेज पंपिंग स्टेशन (एसपीएस) में इलेक्ट्रिकल काम और सीवर नेटवर्क की टेस्टिंग का काम भी बच जाएगा। जो अप्रैल में ही हो सकेगा। ऐसे में शहरवासियों को अप्रैल तक दिक्कत झेलनी पड़ेगी।

## प्रेमी युगल ने परिजनों से जताया जान का खतरा

रुडकी (आरएनएस)। दो सप्ताह पहले लक्सर क्षेत्र के अलग-अलग गांव से फरार प्रेमी युगल शादी करने के बाद नैनीताल उच्च न्यायालय पहुंच गया। युगल ने अपने परिजनों से जानमाल के खतरे की आशंका जताते हुए सुरक्षा मुहैया कराने की मांग हाईकोर्ट से की है। हाईकोर्ट ने हरिद्वार पुलिस से मामले की रिपोर्ट तलब की है।

लक्सर कोतवाली के अलावलपुर गांव के एक युवक का करीब डेढ़ साल पहले फोन पर पास के फतवा गांव की रहने वाली दूसरी बिरादरी की युवती से परिचय हुआ था। इसके बाद दोनों में बातचीत हुई और वे आपस में मिलने जुलने लगे। उनके परिजनों को दोनों के प्यार का पता चला। मामला अलग-अलग बिरादरी का होने की वजह से परिजनों को उनका प्यार पसंद नहीं आया और उन्होंने प्रेमी युगल के मिलने जुलने पर पाबंदी लगा दी। पाबंदियों से परेशान प्रेमी युगल करीब दो हफ्ते पहले घर से फरार हो गया था। दोनों के परिजन पुलिस की मदद से उनकी तलाश कर रहे थे।

## करण जौहर मुझे भी लॉन्च करें: खुशी कपूर

दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की बेटी जाह्नवी कपूर के बाद अब बहन खुशी कपूर भी फिल्म इंडस्ट्री में आने की तैयारी में हैं। हालांकि जब जाह्नवी की फिल्म धड़क रिलीज़ होने वाली थी, तब खुशी के बारे में यह कहा जा रहा था कि उनकी दिलचस्पी




फिल्मों में नहीं बल्कि मॉडलिंग में है, लेकिन अब लगता है अपनी बहन जाह्नवी की कामयाबी देखकर खुशी ने फिल्मों में जाने का मन बना लिया है। कलर्स इनफिनिटी चैट शो में बातचीत के दौरान खुशी ने बताया कि वह ऐक्टिंग करना चाहती हैं।

खुशी ने यह भी बताया कि वह चाहती हैं कि बहन जाह्नवी की तरह ही निर्देशक-निर्माता करण जौहर उनके मेंटर बनकर उन्हें लॉन्च करें। खुशी कहती हैं, मैं आशा करती हूं कि करण जौहर ने जैसे जाह्नवी, आलिया और वरुण सहित कई ऐक्टर्स को स्टार बनाया है, वैसे ही मैं भी उनके देख-रेख में अपना करियर बनाऊं। करियर को लेकर मैं करण पर ब्लाइंडली विश्वास कर सकती हूं।

# अपने बच्चे से भूल से भी कभी न कहें ये बातें

पैरंट्स के लिए बच्चों की परवरिश आम बात नहीं होती है बल्कि काफी मुश्किल होता है। इसके लिए उन्हें हर कदम पर सावधानी बरतनी पड़ती है। काउंसिलर्स के अनुसार पैरंट्स को बच्चों से कुछ भी कहने से पहले काफी सावधानी बरतनी चाहिए और शब्दों के चुनाव में भी ऐहतियात बरतनी चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि आप बच्चों से जो भी कहते हैं फिर चाहे वह पॉजिटिव हो या नेगेटिव उनके दिमाग पर इसका गहरा असर पड़ता है। यहां हम आपको कुछ ऐसी बातों के बारे में बता रहे हैं जिन्हें आपको अपने बच्चे से



कभी नहीं कहना चाहिए...

### तुम बेवकूफ हो

ये बात आपके बच्चे के आत्मविश्वास को खत्म कर सकती है। हमारे बीच कई ऐसे पैरंट्स होते हैं जो अक्सर अपने बच्चों को ऐसी बातें कहते हैं। अगर आप अपने बच्चे को लगातार उसके लेवल को लेकर टारगेट करेंगे तो हो सकता है आपका बच्चा हीनभावना का शिकार हो जाए और बाकि लोगों की तुलना में खुद को कम आंकने लगे। इसलिए भूल कर भी ऐसी बातें बच्चे से न कहें।

### दूसरे से तुलना न करें

तुलना कभी भी किसी को अच्छी नहीं लगती तो आप कैसे सोच लेते हैं कि आपके बच्चे पर इसका गलत असर नहीं पड़ेगा। ज्यादातर बच्चों के पैरंट्स अपने बच्चों की दूसरों के बच्चों से तुलना करते हैं और उनके जैसा बनने को कहते हैं जिसका बच्चे पर गलत असर पड़ता है।